| |
|---|
| **दिनांक 22.06.2025** |
| **प्रेस विज्ञप्ति 36/2025** |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

## पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा नशे के विरूद्ध राज्य व्यापी अभियान चलाये जाने हेतु दिये गये निर्देश के कम में ए0एन0टी0एफ0 मुख्यालय लखनऊ द्वारा नशे के विरूद्ध जनमानस में जागरूकता फैलाने हेतु किया गया नुक्कड़ नाटक का आयोजन

भारत सरकार द्वारा नशे के विरूद्ध अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 12–26 जून के मध्य नशा मुक्ति जन जागरूकता पखवाड़ा मनाया जाता है। **श्री राजीव कृष्ण**, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा नशे के विरूद्ध एक राज्य व्यापी अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये।

उक्त निर्देश के क्रम में दिनांक 21.06.2025 को पुलिस महानिरीक्षक, एएनटीएफ के कुशल निर्देशन में एएनटीएफ मुख्यालय व लखनऊ यूनिट द्वारा जनता में नशे के विरूद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश से संभव सेवा समिति द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जो इमामबाड़ा नीबू पार्क के पास एवं चटोरी गली निकट 1090 चौराहे के पास सम्पन्न हुआ। एएनटीएफ के कर्मियों द्वारा सीधे जनता को हैण्डबिल के माध्यम से भी नशे के विरूद्ध जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार किया गया ।

**पुलिस महानिदेशक उ0प्र0** द्वारा कहा गया कि इस प्रकार के विभिन्न कार्यक्रम जिससे जनता को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया जा सके, नियमित रूप से जारी रहेंगे।


एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स
जीवन को हां कहें,
नशे को ना।
एक युद्ध नशे के विरुद्ध
"नशे से आजादी"
नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध व्यापार
के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस
हमारा है यह सपना,
मुक्त हो देश अपना।





| |
|---|
| दिनांक 22.06.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 37/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

**एस0टी0एफ0–गैगेंस्टर एक्ट में वांछित रू0 50,000/– का पुरस्कार घोषित अभियुक्त महमूद खॉ गिरफ्तार।**

दिनांकः 22–06–2025 को एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश को थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0–72/2025 धारा–2/3 गैगेंस्टर में वांछित एवं रू0 50,000/– के पुरस्कार घोषित अभियुक्त महमूद खॉ को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः–**

महमूद खॉ पुत्र रमजान खॉ निवासी गलगलगोटिया ,थाना हरदत्त नगर गिरन्ट, जनपद श्रावस्ती।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः–**

जौनपुर–प्रतापगढ़ रोड दांदूपुर तिराहा थाना क्षेत्र रानीगंज, जनपद प्रतापगढ़, दिनांकः 22–06–2025, समय 12:30 बजे।

एसटीएफ उ0प्र0 को विगत काफी दिनों से फरार/पुरस्कार घोषित अपराधियों द्वारा सक्रिय आपराधिक घटनाएँ कारित करने की सूचनाएँ प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में श्री शैलेश प्रताप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, एसटीएफ फील्ड इकाई, प्रयागराज के पर्यवेक्षण में निरीक्षक श्री जय प्रकाश राय, एसटीएफ फील्ड इकाई, प्रयागराज के नेतृत्व में टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

प्रयागराज टीम द्वारा थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0–72/2025 धारा–2/3 गैगेंस्टर एक्ट में वांछित व रू0 50,000/– के पुरस्कार घोषित अभियुक्त महमूद खॉ की गिरफ्तारी हेतु अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही

थी। इस दौरान मुखबिर के माध्यम से ज्ञात हुआ कि अभियुक्त महमूद खॉ जौनपुर–प्रतापगढ़ रोड दांदूपुर तिराहे पर मौजूद है, जो कहीं बाहर भागने की फिराक में है। मुखबिर द्वारा दी गयी सूचना पर विश्वास कर निरीक्षक श्री अनिल कुमार सिंह, मुख्य आरक्षीगण अभिषेक मिश्रा, पंकज तिवारी, किशन चन्द्र व आरक्षी चालक रविकान्त सिंह की टीम थाना क्षेत्र रानीगंज प्रतापगढ़ पहॅुची तथा मुखबिर की निशादेही पर अभियुक्त महमूद खॉ उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त महमूद खॉ उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि उनका ट्रक/वाहन आदि चोरी/लूट/डकैती करने का एक संगठित गिरोह है, जिसमें वह अपने अन्य साथीगण नदीम, बृजेश कुमार, शकील, गुफरान आदि के साथ मिलकर घटना को अन्जाम दिया करते हैं। माह फरवरी 2024 में एनटीपीसी बारा के पास 14 चक्का कन्टेनर को खड़ी कर रात्रि लगभग 11 बजे ट्रक चालक सो रहा था कि उसी समय हम लोग ट्रक में घुसकर उसका मुॅह दबाकर मारा–पीटा तथा हाथ पैर व ऑख में पट्टी बॉधकर ट्रक लेकर भाग गये। लगभग 5–7 किमी0 गाड़ी चलने के बाद ट्रक चालक को उतारकर दूसरी गाड़ी में डाल दिये और बरगढ़ थाने से लगभग 7 किमी0 पहले रोड के किनारे छोड़ दिया था और कन्टेनर गाडी को लेकर चले गये। उक्त घटना के बाद चालक/मालिक जो ट्रक नं0 यू0पी0–45–टी–7672 से पीपरपुर अमेठी से ईंट लादकर रीवा मध्य प्रदेश ले जाते समय सुल्तानपुर प्रतापगढ़ मार्ग पर स्थित सैनिक ढ़ाबा गोड़े थाना कोतवाली नगर, प्रतापगढ़ के पास खड़े ट्रक को दिनांक 11–03–2024 प्रातः 03:00 बजे चोरी कर लिया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 110/24 धारा 379 भादवि का अभियोग पंजीकृत हुआ था, जिसमें बरामदगी होने के उपरान्त अभियुक्तों के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया है। अभियुक्त महमूद खॉ को थाना शंकरगढ़ में पंजीकृत मु0अ0सं0 44/24 में गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा गया था। जेल से छूटने के बाद वह अपनी दूसरी पत्नी के साथ दमनदीव में छिपकर रह रहा था। जनपद प्रतापगढ़ में उसके विरूद्ध पंजीकृत अभियोगों की जानकारी करने हेतु प्रतापगढ़ आया था जहॉ पर उसे जानकारी हुई कि थाना फतनपुर से गैंगेस्टर एक्ट में गिरफ्तारी के लिए उसके ऊपर 50,000 रू0 का पुरस्कार घोषित है जिसमें गिरफ्तारी से बचने के लिए भागने का प्रयास कर रहा था।

गिरफ्तार अभियुक्त महमूद खॉ उपरोक्त को थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0–72/2025 धारा–2/3 गैगेंस्टर एक्ट में थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ में दाखिल किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा अमल में लायी जायेगी।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त महमूद खॉ उपरोक्त का ज्ञात आपराधिक इतिहास</u> :–**

| क0सं0 | मु0अ0सं0 | धारा | थाना | जनपद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 322/2017 | 41/411/413/419/420/467/468/471 भादवि | को0 देहात | बहराइच |
| 2 | 282/2022 | 147/323/325/452/506 भादवि | हरदत्त नगर गिरन्ट | श्रावस्ती |
| 3 | 68/2023 | 323/325/504/506 भादवि | हरदत्त नगर गिरन्ट | श्रावस्ती |
| 4 | 82/2023 | 147/323/325/452/506 भादवि | सोनवा | श्रावस्ती |
| 5 | 89/2023 | 147/148/188/308/323/504 506 भादवि | हरदत्त नगर गिरन्ट | श्रावस्ती |
| 6 | 193/2023 | 419/420/467/468 भादवि | मल्हीपुर | श्रावस्ती |
| 7 | 206/2023 | 147/148/149/323/427/452/504/506 भादवि व 3(1)घ, 3(1)द एससी/एसटी एक्ट | हरदत्त नगर गिरन्ट | श्रावस्ती |
| 8 | 279/2023 | 3(1) गिरोह बन्द विरोधी किया कलाप नि0अधि0 | हरदत्त नगर गिरन्ट | श्रावस्ती |
| 9 | 285/2023 | 419/420/467/468/471 भादवि | मल्हीपुर | श्रावस्ती |
| 10 | 44/2024 | 120बी/34/342/395/397/412/413/414/420/467/468 भादवि | शंकरगढ़ | कमि0 प्रयागराज |
| 11 | 94/2024 | 147/323/504/506 भादवि | सोनवा | श्रावस्ती |
| 12 | 110/2024 | 395/412 भादवि | को0नगर | प्रतापगढ़ |
| 13 | 72/2025 | 2/3 गैंगेस्टर एक्ट **(वांछित/पुरस्कार घोषित 50 हजार रूपये)** | फतनपुर | प्रतापगढ़ |

## जनपद हापुड़/थाना सिम्भावली

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 21.06.2025 की रात्रि थाना सिम्भावली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नवादा नहर पुलिया से डिबाई की तरफ जाने वाली नहर पटरी पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त शहजाद घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद हापुड़ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 14 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना गढ़मुक्तेश्वर पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—शहजाद निवासी समर गार्डन कॉलोनी खुशहाल नगर थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2—01 मोटर साइकिल।

## जनपद मऊ/थाना कोतवाली नगर

**• 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 22.06.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गाजीपुर तिराहे के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त आनन्द को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आनन्द निवासी चाँदमारी इमिलीया थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ।

## जनपद फतेहपुर/थाना कल्यानपुर

**• चोरी की घटना का अनावरण**

**• 04 अभियुक्त गिरफ्तार**

**• लगभग 10 लाख रूपये कीमत के चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण**

**• चोरी के 05 हजार रूपये नगद बरामद**

दिनांक 21/22.06.2025 को थाना कल्यानपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 04 अभियुक्तों 1–गोलू 2–नीरज उर्फ पत्तर 3–हिमाशुं 4–सोनू को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही पर लगभग 10 लाख रूपये कीमत के चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण, चोरी के 05 हजार रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 17.06.2025 को थाना कल्यानपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कल्यानपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कल्यानपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—गोलू निवासी चौडगरा थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर।

2—नीरज उर्फ पत्तर निवासी चौडगरा थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर।

3—हिमाशुं निवासी शुक्लानगर थाना औंग जनपद फतेहपुर।

4—सोनू निवासी रामपुर थाना औंग जनपद फतेहपुर।

**बरामदगी**

1—लगभग 10 लाख रूपये कीमत के चोरी के सोने—चाँदी के आभूषण।

2—चोरी के 05 हजार रूपये नगद।

## जनपद हरदोई/थाना मल्लावां

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 02 लाख 20 हजार रूपये नगद बरामद**

दिनांक 21.06.2025 की रात्रि थाना मल्लावां पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त राजीव उर्फ राजू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के 02 लाख 20 हजार रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 26.09.2024 को थाना मल्लावां क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मल्लावां पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना मल्लावां पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—राजीव उर्फ राजू निवासी ग्राम मुचुवापुर थाना मल्लावां जनपद हरदोई।

**बरामदगी**

1—चोरी के 02 लाख 20 हजार रूपये नगद।

## जनपद बरेली/थाना बारादरी

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 439 ग्राम अवैध स्मैक व 552 ग्राम चरस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 21.06.2025 की रात्रि थाना बारादरी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 99 बीघा ग्राउण्ड के पास से 03 अभियुक्तों 1–फारूख 2–शकील 3–मसूद हुसैन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 439 ग्राम अवैध स्मैक व 552 ग्राम चरस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना बारादरी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–फारूख निवासी ग्राम भिण्डोलिया थाना बिथरीचैनपुर जनपद बरेली।
2–शकील निवासी ग्राम भिण्डोलिया थाना बिथरीचैनपुर जनपद बरेली।
3–मसूद हुसैन निवासी ग्राम स्लिपर रोड थाना सीबीगंज जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1–लगभग 01 करोड़ 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 439 ग्राम अवैध स्मैक व 552 ग्राम चरस।
2–01 मोटर साइकिल।

## जनपद औरैया/थाना को0औरैया

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 96 किलो 870 ग्राम अवैध गांजा**
- **01 डीसीएम ट्रक बरामद**

दिनांक 22.06.2025 को थाना को0औरैया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मिहोली ओवर ब्रिज के पास से 03 अभियुक्तों 1– वेद

2–मिसपेन्द्र 3–शिवदत्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 96 किलो 870 ग्राम अवैध गांजा, 01 डीसीएम ट्रक बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना को0औरैया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–वेद निवासी नगला परमाल अकोला थाना कागारोल कमिश्नरेट आगरा।

2–मिसपेन्द्र निवासी ग्राम लालोनी थाना कंचनपुर जनपद धौलपुर राजस्थान।

3–शिवदत्त निवासी ग्राम लालोनी थाना कंचनपुर जनपद धौलपुर राजस्थान।

**बरामदगी**

1–लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 96 किलो 870 ग्राम अवैध गांजा।

2–01 डीसीएम ट्रक।

———————